Article Date	Headline / Summary	Publication
02 May 2026	Insurance provides financial security	Punjab Kesari

इंश्योरेंस देता है आर्थिक सुरक्षा

चंडीगढ़, 1 मई (स.ह.) : इंश्योरेंस से आने वाली कई समस्याओं का सामना आसानी से कर सकते हैं। हालांकि, सिर्फ पॉलिसी खरीदने से आपको हमेशा पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती है, लेकिन अहम बात यह है कि आपने कितनी बड़ी कवरेज ली है। डॉ. तपन सिंघल, एम.डी. और सी.ई.ओ., बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने बताया कि अधिकतर लोगों ने इंश्योरेंस की सुरक्षा तो ले रखी है, लेकिन वे पर्याप्त रूप से कवर नहीं हैं। असल समस्या तब आती है, जब लोग इंश्योरेंस के लिए क्लेम करते हैं। इस दौरान पता चलता है कि उनका इंश्योरेंस कवर पर्याप्त नहीं है। इसका सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप हर 2-3 साल में अपनी इंश्योरेंस राशि की जांच करें और देखें कि यह आपकी जीवनशैली, आप जिस तरह की मैडिकल देखभाल चाहते हैं और मैडिकल इलाज के मुताबिक है या नहीं।



बीमारी जैसे कि कैंसर, दिल की बीमारी और स्ट्रोक के लिए आमतौर पर लंबे समय तक इलाज और देखभाल की जरूरत होती है। क्रिटिकल इलनेस पॉलिसी एकमुश्त राशि पेश करती हैं, जिससे कि मैडिकल इलाज और देखभाल के दौरान होने खर्चों को संभालने में मदद मिलती है। ऐसे कई हैं, जिसमें लोगों को मैडिकल इलाज करवाने के लिए गहने तक बेचने या गिरवी रखने पड़े।